संपादकीय

नशे पर नकेल

यह विडंबना ही है कि पंजाब में नशे की रोकथाम के लिये जो कदम सरकार और प्रशासन को मिलकर उठाने चाहिए थे, अदालत को उसके लिये पहल करनी पड़ रही है। सरकार को उदासीनता के लिये कठघरे में खड़ा करते हुए अदालत ने पंजाब के डीजीपी को 25 अनिवार्य व्यावहारिक निर्देश दिये हैं ताकि युवाओं को नशे की दलदल में गिरने से बचाया जा सकता। वर्ष 2011 में नशा तस्करी के आरोप में पटियाला अदालत द्वारा दो लोगों को बारह वर्ष के कारावास की सजा दी गई थी। उनके द्वारा इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करने के बाद अदालत ने दोनों को बरी कर दिया। अदालत ने निर्देश दिये कि नशीले पदार्थों की बि ी के मामले में शिकायतकर्ता अधिकारी को जांच अधिकारी न बनाया जाये। अदालत की मंशा फर्जी मामले में निर्दोषों को न्याय दिलाने की थी। अदालत ने नशा कारोबारियों के खिलाफ पुलिस तंत्र को मजबूत करने पर भी बल दिया। अदालत ने नशे के खिलाफ एसटीएफ के पुनर्गठन, उसे ज्यादा प्रभावी बनाने के भी निर्देश दिये। अदालत ने 25 सूत्री निर्देश में कहा कि किसी फैक्टरी, उद्योग या मेडिकल शॉप में रेड करते हुए ड्रग इंस्पेक्टर के साथ पुलिस असिस्टेंट कमिश्नर स्तर का अधिकारी एवं खाद्य व आपूर्ति विभाग का कोई राजपत्रित अधिकारी भी हो।

जस्टिस राजीव शर्मा और जस्टिस हरिन्दर सिद्धू की खंडपीठ ने निर्देश दिये कि राज्य के सभी एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेटों और राजपत्रित अधिकारियों को एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों की जानकारी दी जाये। जेल में तैनात कर्मियों को नशीले पदार्थों के विषय में संवेदनशील बनाया जाये। जेल तथा नशा मुक्ति केंद्रों में नशेड़ियों के रजिस्ट्रेशन को अनिवार्य बनाया जाये। जेल में आने वाले हर कैदी का ड्रग्स टैस्ट अनिवार्य रूप से कराया जाये। अदालत सख्त थी कि स्कूल-कॉलेज नशे के कारोबारियों के शिकंजे में न आयें। शिक्षण संस्थाओं के बाहर सादी वर्दी में पुलिस तैनात की जाये। साथ ही छात्रों को नशे से दूर रखने में मदद करने के लिये एंटी ड्रग्स क्लब बनाये जायें। इसके अलावा वरिष्ठतम शिक्षक को छात्रों को परामर्श देने के लिये नोडल अधिकारी बनाया जाये। साथ ग्यारहवीं व बारहवीं के पाठ्य म में नशे से जुड़ी जानकारी शामिल की जाये। इसमें छात्रों के लिये सामाजिक-व्यक्ति गत नुकसान की व्याख्या हो। अदालत का मानना था कि जब तक पुलिस तंत्र को चुस्त-दुरुस्त व जवाबदेह नहीं बनाया जायेगा तब तक नशे के कारोबारियों का खात्मा संभव नहीं होगा। साथ ही पुलिस को निर्देश दिये गये कि वह सुनिश्चित करे कि बार, रेस्तरां आदि में नाबालिगों को शराब व अन्य नशीले पदार्थ उपलब्ध न कराये जायें। अब देखना यह है कि पुलिस कितनी मुस्तैदी से अपनी जिम्मेदारी निभाती है।

ग्लोबल फंड्स को लुभाने के लिए सिंगापुर और हॉन्ग कॉन्ग जाएंगे आरबीआई गवर्नर

मुंबई (आरएनएस)। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास इंडिया की ग्रोथ स्टोरी में ग्लोबल फंड्स का इंटरेस्ट फिर से जगाने के लिए सिंगापुर और हॉन्ग कॉन्ग का दौरा करेंगे। दरअसल पिछले एक साल देश में विदेशी निवेश का प्रवाह थम सा गया है, इसलिए ग्लोबल फंड्स से बात करने के लिए इन दोनों देशों का दौरा करने जा रहे हैं।

गवर्नमेंट ऑफ सिंगापुर इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन, टेमासेक, एबरडीन एसेट मैनेजमेंट, फ्रूडेंशियल पीएलसी, नोमुरा, गोल्डमैन सैक्स, मॉर्गन स्टेनली, ईस्टस्प्रिंग के प्रतिनिधि इस उम्मीद के साथ मीटिंग में आएंगे कि आरबीआई के गवर्नर से फॉरेन पोर्टफोलियो इनवेस्टर्स के लिए इंडिया में इनवेस्टमेंट के कुछ रूल्स को नरम बनाएंगे।

बंद कमरे में होने वाली मीटिंग फरवरी के दूसरे या तीसरे हफ्ते में कराई जा सकती है और इसमें 40-50 इंस्टीट्यूशनल पार्टिसिपेंट्स शामिल हो सकते हैं। सूत्रों ने कहा, इससे ग्लोबल इनवेस्टर्स में इंडिया में निवेश को लेकर उत्साह बढ़ेगा क्योंकि आरबीआई गवर्नर खुद निवेशकों से आमने-सामने बात करेंगे। सूत्रों ने बताया कि रिजर्व बैंक ने सिटी, डीबीएस, डोएचे, एचएसबीसी, जेपी मॉर्गन सहित कई कस्टोडियन फॉरेन बैंकों से उनके टॉप क्लाइंट्स की लिस्ट मांगी थी। इनमें ग्लोबल सॉवरेन फंड्स, एसेट मैनेजमेंट कंपनी, पेंशन फंड्स वगैरह शामिल हैं। इस बारे में ज्यादा जानकारी के लिए आरबीआई को भेजी गई ईमेल का जवाब खबर लिखे जाने तक नहीं मिल पाया था। कस्टोडियन बैंकों ने भी मामले में बात करने से मना कर दिया जबकि विदेशी पार्टिसिपेंट्स से संपर्क नहीं हो पाया। रघुराम राजन जैसे फॉर्मर गवर्नर भी इनवेस्टर्स से मिलने विदेश गए थे, लेकिन वो मीटिंग्स पब्लिक इवेंट्स थीं। आरबीआई विदेशी कस्टोडियन बैंकों से कनेक्ट होने के लिए इस बार ऐसा कदम उठा रहा है। फाइनेंस मिनिस्ट्री और इकनॉमिक अफेयर्स मिनिस्ट्री आमतौर पर विदेश में रोड शो करती रही हैं। सेबी ने भी अपने फॉर्मर चेयरमैन यू के सिन्हा के कार्यकाल में ऐसी मीटिंग्स की थीं। दूसरे सूत्र ने कहा, आरबीआई को कस्टोडियन फॉरेन बैंकों से उनके टॉप क्लाइंट्स की लिस्ट पहले ही मिल चुकी है। वह डेट और इक्विटीज दोनों सेगमेंट में लॉन्ग टर्म फॉरेन इनवेस्टमेंट चाहता है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी के डेटा के मुताबिक इस साल फॉरेन पोर्टफोलियो इनवेस्टर्स ने घरेलू बाजार में नेट 5,915 करोड़ रुपये की बिकवाली की है जबकि 2018 में उन्होंने रिकॉर्ड 80,919 करोड़ रुपये निकाले थे।

विराट सेना ने न्यूजीलैंड में जीती वनडे सीरीज

न्यूजीलैंड। टीम इंडिया ने माउंट मोनगानुई में खेले गए तीसरे वनडे मैच को सात विकेट से अपने नाम कर लिया है. इसके साथ उसने पांच मैचों की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली है. हालांकि इस सीरीज के दो मैच अभी खेले जाने बाकी हैं.

बहरहाल, टॉस जीतकर न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन पूरी टीम 49 ओवर में 243 रन पर ढेर हो गई. जबकि टीम इंडिया ने 244 रन के लक्ष्य को विराट कोहली (60), रोहित शर्मा (62), शिखर धवन (28),अंबाती रायडू (40 नाबाद) और दिनेश कार्तिक (38 नाबाद) के दम पर 42 गेंद बाकी रहते हुए तीन विकेट गंवाकर हासिल कर लिया. रायडू और कार्तिक के बीच चौथे विकेट की अटूट साझेदारी में 11.5 ओवर में 77 रन बने. जबकि इससे पहले रोहित और विराट कोहली ने तीसरे विकेट लिए 100 से अधिक रन जोड़ थे. अब तक रोहित और विराट के बीच 16 बार शतकीय साझेदारी हुई है. अब वह एडम गिलक्रिस्ट और मैथ्यू हेडन (16) के बराबर पहुंच गए हैं. जबकि तिलकरत्ने दिलशान और कुमार संगाकरा (20) और सचिन और गांगुली (26) इस जोड़ी से काफी आगे हैं. न्यूजीलैंड के लिए ट्रेंट बोल्ट ने दो तो मिचेल सेंटनर ने एक विकेट लिया।

फर्जी बिलों पर रोक लगाने की तैयारी में सरकार

नई दिल्ली (आरएनएस)। माल एवं सेवाकर (जीएसटी) के संग्रह में आई गिरावट से चिंतित कर अधिकारी कारोबारियों द्वारा इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का अधिक लाभ उठाने वाले मामलों की जांच शुरू कर सकते हैं। बड़ी संख्या में राज्यों में जीएसटी संग्रह में गिरावट के कारणों की जांच के लिए जीएसटी परिषद ने एक मंत्री-समूह का गठन किया है। इस समूह की बैठक में आईटीसी के अधिक उपयोग का मुद्दा उठाया गया।

अब तक लग चुका करोड़ो का चूना

सूत्रों के अनुसार आदर्श स्थिति में इनपुट टैक्स् क्रेडिट से राजस्व का नुकसान नहीं होना चाहिए लेकिन इस बात की संभावना है कि कुछ निर्लज्ज किस्म के कारोबारी इस प्रावधान का दुरुपयोग कर रहे हों। हो सकता है कि टैक्स क्रेडिट का दावा करने के लिए वह नकली बिल बना रहे हों। मंत्री समूह की बैठक के दौरान यह बात रखी गई कि कुल जीएसटी देनदारी में से 80 प्रतिशत का निपटान इनपुट टैक्स क्रेडिट के जरिए होता है। मात्र 20 प्रतिशत कर ही नकद रूप से जमा कराया जाता है।

चालू वित्त वर्ष में जीएसटी का औसत मासिक संग्रह 96,000 करोड़ रुपये रहा है। मौजूदा व्यवस्था में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जिसमें इनपुट टैक्स क्रेडिट दावों का आपूर्तिकर्ताओं द्वारा पहले चुकाए गए इनपुट कर से तत्काल सीधे मिलान किया जा सके।

अब जीयो मोबाइल यूजर्स भी फोन पर बुक कर सकेंगे रेल टिकट, जियोरेल ऐप लॉन्च

नई दिल्ली (आरएनएस)। अब आप फीचर फोन यानी जियो फोन से भी रेल टिकट बुक कर सकते है। जी हां, रिलायंस जियो ने अपने फीचर फोन के लिए जियोरेल नाम से एक खास ऐप लांच की है जिसमें बुकिंग सेवा का उपयोग करते हुए ग्राहक रेल टिकट बुक करवा सकते है। इसके अलावा वहां आपको टिकट कैसिंल करने की भी सुविधा मिलेगी।

इस ऐप के अन्य फीचर्स की बात करें तो पीएनआर स्टेट्स चैकिंग, ट्रेन टाइमिंग, ट्रेन रूट्स और सीट उपलब्धता के बारे में भी जियोरेल ऐप से जानकारी हासिल की जा सकती है। ये ऐप अभी जियोफोन और जियोफोन 2 के ग्राहकों के लिए ही उपलब्ध है। रेल टिकट के भुगतान के लिए ग्राहक डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या ई-वॉलेट का इस्तेमाल कर सकते हैं।

आज का राशिफल

मेषः- शाम तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग अच्छा है। समाज में शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

वृषभः- आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। कार्यालय में आपके अनुकूल वातावरण बनेगा तथा आपके साथी आपका सहयोग करेंगे।

मिथुनः- आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी ि एटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है, आज वही करने का मौका मिलेगा। आज नई योजनाएं दिमाग में आएंगी।

कर्कः- आज जो काम लगन के साथ करेंगे, आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे।

सिंहः- आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन पढ़ाई-लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रूकावट डालने की कोशिश करेंगे।

कन्याः- आज आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए, इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है।

तुलाः- आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है।

वृश्चिकः- माली हालात को लें तो आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। परिवार में सुख-शांति और स्थिरता का आनन्द उठाएं।

धनुः- आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है।

मकरः- आज का दिन सामान्य है। साझेदारी में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है।

कुंभः- आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। खानपान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा।

मीनः- आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं।

कुंभ 2019- जानें क्या है माघ मास में स्नान का महत्व

पद्मपुराण के उत्तरखण्ड में माघ मास का वर्णन करते हुए बताया है कि व्रत, दान और तपस्या से भी भगवान श्रीहरि को उतनी प्रसन्नता नहीं होती, जितनी इस माह में स्नान से होती है।

खास है माघ में स्नान

इस माह की पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ ही माघ माह स्नान शुरू हो गया। धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से इसका बड़ा महत्व बताया गया है। ज्योतिषयों के अनुसार माघ मास में प्रात-काल ब्रह्म मुहूर्त में जागने के बाद नित्य क्रिया से निवृत्त हो किसी नदी में स्नान अवश्य करना चाहिए। इस माह में दान-पुण्य, निर्बलों और रोगियों की सेवा करने से करोड़ों गुना शुभ फल प्राप्त होता है। इन दिनों प्रयागराज में अर्द्धकुंभ चल रहा, जिसमें एक बार डुबकी लगाने से समस्त पापों का नाश और व्यक्ति की आध्यात्मिक चेतना जागृत होती है। माघ मास में सूर्य मकर राशि में गोचर करते हैं। इसलिए, इस माह का पुण्य कई गुना बढ़ जाता है। गुरु या इष्ट के मंत्रों का जप करने से आत्म संयम की प्राप्ति होती है। इस माह में नदियों के तट पर निवास करने का भी महत्व है। इसे कल्पवास कहा जाता है। इस दौरान संयम, धैर्य और मौन व्रत रहते हुए सात्विक जीवन जीना चाहिए।

धार्मिक महत्व

धार्मिक दृष्टि से इस मास का बहुत अधिक महत्व है। इस मास में शीतल जल के भीतर डुबकी लगाने वाले मनुष्य पापमुक्त हो स्वर्गलोक में जाते हैं-

माघे निमग्नाः सलिले सुशीते विमुक्तपापास्त्रिदिवं प्रयान्ति। इस महीने में स्नान से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है। पद्मपुराण के उत्तरखण्ड में माघमास के माहात्म्य का वर्णन करते हुए कहा गया है कि व्रत, दान और तपस्या से भी भगवान श्रीहरि को उतनी प्रसन्नता नहीं होती, जितनी कि माघ महीने में स्नानमात्र से होती है। इसलिए स्वर्गलाभ, सभी पापों से मुक्ति और भगवान विष्णु की प्रीति प्राप्त करने के लिए प्रत्येक मनुष्य को माघ स्नान करना चाहिए।

जानें स्नान की तिथियां

माघ-स्नान की अपूर्व महिमा है। इस मास की प्रत्येक तिथि पर्व है। अगर आप पूरे मास स्नान का नियम न ले सकें तो शास्त्रों में यह भी व्यवस्था है कि तीन दिन अथवा एक दिन अवश्य माघ-स्नान व्रत का पालन करें। इस माह में स्नान की शेष तिथियां इस प्रकार हैं। इस अर्द्ध कुंभ में 3 शाही स्नान, 6 प्रमुख स्नान तिथियां और अन्य

महत्वपूर्ण स्नान तिथियां इस प्रकार हैं। सबसे पहले बात शाही स्नान की तो तीन स्नानों में से अब दो ही शेष हैं जिसमे से मौनी अमावस्या को दूसरा शाही स्नान होगा। इसे मुख्य शाही स्नान भी कहा जाता है।

महिला हॉकी : भारत ने स्पेन के साथ खेला ड्रॉ

मर्सिया (आरएनएस)। भारतीय महिला हॉकी टीम और स्पेन के बीच खेला गया दूसरा मैच 1-1 से ड्रॉ रहा। इस मैच में भारत के लिए गुरजीत कौर ने और स्पेन के लिए मारिया टोस्ट ने गोल किया। भारत को स्पेन दौरे पर खेले गए पहले मैच में मेजबान टीम के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। पिछले मैच की तरह इस मैच में भी भारतीय टीम ने स्पेन को मजबूत टक्कर दी। लेकिन 30 मिनटों तक चले पहले हाफ के मैच में इसे सफलता नहीं मिली। हालांकि, उसने प्रतिद्वंद्वी टीम को भी गोल नहीं करने दिया। इसके

बाद, दूसरे हाफ की शुरुआत के कुछ मिनटों बाद गुरजीत (43वें मिनट) ने गोल कर भारतीय टीम का खाता खोला और उसे 1-0 की बढ़त दी।

भारत की इस बढ़त को स्पेन ने ज्यादा देर तक बने नहीं रहने दिया। 49वें मिनट में मारिया के गोल से मेजबान टीम ने स्कोर 1-1 से बराबर कर लिया।

काले चना का स्वादिष्ट कबाब

सामग्री :-

भीगे हुए चने- 1/2 कप, पनीर- 1/2 कप, आलू- 1उबला और छिला हुआ, घी- 2-3 टेबल स्पून, तेल- 1 टेबल स्पून, हरा धनिया- 1 टेबल स्पून (बारीक कटा हुआ), हरी मिर्च- 2 (बारीक कटी हुई), अदरक- 1/2 इंच टुकड़ा, जीरा - 1/2 चम्मच, धनिया पाउडर- 1 चम्मच, गरम मसाला- 1/2 चम्मच, अमचूर पाउडर- 1/2 चम्मच, लाल मिर्च पाउडर- 1/4 चम्मच, नमक- स्वादानुसार

विधि :-

पैन में 1 टेबल स्पून तेल डालकर गरम करेंगे। गरम तेल में जीरा डाल कर भूनेंगे। इसके बाद इसमें धनिया पाउडर, बारीक कटा हुआ अदरक और बारीक कटी हुई हरी मिर्च डालकर मसालों को हल्का सा भून लेंगे। मसाला भुन जाने पर इसमें चने डाल डालेंगे। साथ में गरम मसाला, अमचूर पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और नमक डालकर सारी चीजों को अच्छे से मिलाएंगे। अब इसमें 1/4 कप पानी डालकर नरम होने तक पका लेंगे। आलू और पनीर को कद्दूकस कर लेंगे। चने जब ठंडे हो जाएं तो इन्हें मिक्सर में डालकर पीस लेंगे। पिसे हुए चनों में कद्दूकस किया हुआ पनीर और आलू डालेंगे। 1/2 छोटी चम्मच नमक और थोड़ा सा हरा धनिया डालकर सारी चीजों को अच्छे से मिक्स कर लेंगे। कबाब बनाने के लिए मिक्सचर तैयार है। कबाब बनाने के लिए मिक्सचर लेकर हाथ से दबा-दबाकर गोल शेप दें। सारे कटलेट्स को ऐसे ही बना लेंगे। नॉन स्टिक पैन में 2-3 टेबल स्पून घी डाल कर एक-एक करके कबाब डालकर उसे धीमी आंच पर फ्राय करेंगे। कबाब को बहुत सावधानी से पलटे। दोनों ओर से गोल्डन ब्राउन हो जाने पर कबाब को प्लेट में निकाल लीजिए। कबाब को दही, हरे धनिये की चटनी, टमैटो सॉस या अपनी किसी भी मनपसंद चटनी के साथ सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 61

बाएं से दाएं

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

ऊपर से नीचे

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती हैं, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 60 का हल

स्मृ	ति	■	पा	व	क	■	बे	ल
■	र	ज	नी	च	र	■	■	ट्टू
मु	स्का	न	■	न	म	की	न	■
सा	र	■	स	■	■	ट	ख	ना
फि	■	अ	जा	य	ब	■	रा	जा
र	च	ना	■	था	ल	■	■	य
■	■	धि	■	र्थ	■	स	मा	ज
उ	प	कृ	त	■	आ	वा	ज	■
ल्लू	■	त	■	■	ब	ल	रा	म

सू-दोकू-61

	2		6		8		3	
9		8		3		4		
							5	
5		2			7		6	
	8		4			1		3
				9				
8			9				1	
	5			1		6		2
		1	7				4	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.60 का हल

2	6	3	8	1	4	9	7	5
9	5	4	2	6	7	3	1	8
8	7	1	9	3	5		6	2
6	2	7	5	4	8	4	3	9
3	9	8	6	7	1	2	5	4
4	1	5	3	2	9	6	8	7
5	3	2	4	8	6	7	9	1
1	8	6	7	9	2	5	4	3
7	4	9	1	5	3	8	2	6